मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 177
शनिवार, 11 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्यः देवेन्द्र फडणवीस

**मुंबई, 10 जनवरी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि राज्य का प्रयास इस दशक के अंत तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर वाली देश की पहली अर्थव्यवस्था बनने का होगा। सकाल न्यूज ग्रुप और पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल (पीपीपीएफ) द्वारा आयोजित 'एनविजनिंग $1 ट्रिलियन महाराष्ट्र' नामक कार्यक्रम में साक्षात्कार के दौरान फडणवीस ने कहा कि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2032 तक, महाराष्ट्र एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसका कारण यह भविष्यवाणी है कि पिछले वर्ष, हम पहले ही आधे रास्ते को पार कर चुके हैं यदि हम थोड़ी सी मेहनत करें, तो हम 2028, 2029 या 2030 तक लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। हमारा प्रयास होगा कि हम महाराष्ट्र को पहली उपराष्ट्रीय $1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाएं। अन्य राज्य बहुत पीछे हैं और उन्हें हमसे आगे निकलने में समय लगेगा। राज्य के युवा मानव संसाधन इस मील के पत्थर में योगदान देंगे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि राज्य में जलयुक्त शिवार 3.0 योजना का उद्देश्य मौजूदा जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत करना और जल संरक्षण के नए आयाम पेश करना है। सीएम फड़नवीस ने कहा कि जलयुक्त शिवार 2.0 का दूसरा संस्करण पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। मंत्री एकनाथ शिंदे, समापन आ रहा है और इसलिए तीसरा चरण शुरू किया जा रहा है। राज्य में जलयुक्त शिवार योजना के बहुत सारे लाभ थे...



सीएम एकनाथ शिंदे के सत्ता में आने के बाद, हमने जलयुक्त शिवार 2.0 शुरू किया, यह दूसरा संस्करण अब समाप्त हो रहा है। हम जल्द ही योजना का तीसरा चरण शुरू कर रहे हैं जिसमें वर्तमान जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत और जल संरक्षण के नये आयाम स्थापित किये जायेंगे।

जलयुक्त शिवार अभियान 3.0 महाराष्ट्र में एक जल संरक्षण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य जल भंडारण और प्रबंधन में सुधार करके राज्य को सूखा मुक्त बनाना है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुणे में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि यह कहना गलत होगा कि पुणे में अपराध बढ़ रहा है, उन्होंने कहा कि अगर एक भी घटना होती है तो उसे गंभीरता से लेना चाहिए।

## कुंभ से भी बड़ा गंगासागर मेला, राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिया जाना चाहिए : ममता बनर्जी

**कोलकता, 10 जनवरी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि गंगासागर मेला कुंभ मेले से भी बड़ा है और इसलिए केंद्र सरकार को इसे राष्ट्रीय मेले का दर्जा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कुंभ मेले के आयोजन के लिए हजारों करोड़ रुपये मुहैया कराती है लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार को मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर कपिल मुनि मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक गंगासागर मेले के लिए सभी प्रावधान करने होते हैं।



बनर्जी ने यहां गंगा नदी (हुगली) के तट पर मेले का उद्घाटन करने के बाद कहा, हम पिछले 10 वर्षों से गंगासागर मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिलाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह कुंभ मेले से कम नहीं बल्कि उससे भी बड़ा है। बनर्जी ने कहा कि देश के सभी कोनों से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मेला स्थल पर विभिन्न भाषाओं में घोषणाएं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले तक सड़क, हवाई और रेल मार्ग से पहुंचना आसान है, लेकिन कोलकाता से लगभग 130 किलोमीटर दूर स्थित सागर द्वीप तक जाना बहुत कठिन है, क्योंकि तीर्थयात्रियों को रास्ते में नदी को नौका द्वारा पार करना पड़ता है।

## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को मिली बम से उड़ाने की धमकी, बढ़ाई गई कैंपस में सुरक्षा

**अलीगढ, 10 जनवरी।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को शुक्रवार को परिसर को उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक (शहर) मृगांक शेखर पाठक ने कहा कि कल शाम कुलपति सहित विश्वविद्यालय के सभी शीर्ष अधिकारियों को ईमेल मिलने के बाद से परिसर और उसके आसपास के सभी संवेदनशील इलाकों में जांच जारी है। पाठक ने कहा, अधिकारी इस खतरे पर कोई जोखिम नहीं उठा रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि पुलिस और विश्वविद्यालय अधिकारी मौलाना आजाद लाइब्रेरी सहित सभी भीड़-भाड़ वाले इलाकों में कड़ी निगरानी रख रहे हैं। एएमयू के प्रवक्ता आसिम सिद्दीकी ने बताया कि ईमेल पत्र में "फिरौती की रकम" का भी जिक्र है। उन्होंने कहा, ₹विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसने उस मेल आईडी की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए साइबर अपराध सेल को भी सक्रिय कर दिया है, जिससे धमकी जारी की गई थी। पुलिस को परिसर के अंदर प्रमुख



स्थानों पर कुत्तों के दस्तों के अलावा अन्य लोगों की सेवा में लगाया गया है। सर्कल ऑफिसर (सिविल लाइंस) अभय पांडे ने कहा कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या धमकी अफवाह थी या इसका उद्देश्य शहर की शांति भंग करना था। इससे पहले शुक्रवार को, दिल्ली पुलिस ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों में बम की धमकी भेजने के आरोप में 12वीं कक्षा के एक छात्र को हिरासत में लिया है। गुरुवार को लगभग एक दर्जन शैक्षणिक संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो दिल्ली में हुई ऐसी घटनाओं की श्रृंखला में नवीनतम है। हाल के महीनों में, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में कई संस्थानों और हवाई अड्डों को भी इसी तरह बम की धमकियाँ मिलीं जो अफवाह निकलीं।

## वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड, एक-एक इंच लैंड वापस लेंगेः योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 10 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार वक्फ के नाम पर ली गई एक-एक इंच जमीन वापस हासिल करेगी। एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित 'महाकुंभ महासम्मेलन' में बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि सनातन धर्म की विश्वास प्रणाली दुनिया की सबसे पुरानी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है, जो किसी भी धर्म या संप्रदाय की तुलना में ऊपर है। इसके साथ ही उन्होंने वक्फ बोर्ड पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, "यह कहना मुश्किल है कि यह वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड है।"

योगी ने कहा कि यह 'वक्फ बोर्ड' है या भू-माफियाओं का बोर्ड है। एक-एक इंच लैंड वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि हम वक्फ के नाम पर ली गई एक-एक इंच जमीन वापस हासिल करेंगे और इसका इस्तेमाल गरीबों के लिए आवास, शैक्षणिक संस्थान और अस्पताल बनाने में किया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹सनातन धर्म का कद आकाश से भी ऊंचा है और इसकी गहराई समुद्र से भी अधिक गहरी है। इसकी तुलना किसी भी संप्रदाय या धर्म से नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके नेताओं की कड़ी



आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वे (समाजवादी नेता) डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों को कायम रखने में विफल रहे। संभल में धार्मिक स्थलों पर विवाद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में संभल को भगवान श्री हरि विष्णु के दसवें अवतार कल्कि के जन्मस्थान के रूप में उल्लेख किया गया है। उन्होंने धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाकर अतिक्रमण करने के प्रयासों की निंदा करते हुए कहा, ₹हमारी सरकार ने अदालत के आदेश के आधार पर निर्णायक कार्रवाई की और दंगाइयों को स्पष्ट संदेश भेजा।

## हाथरस में ट्रक और कार की टक्कर होने से चार लोगों की मौत

**हाथरस, 10 जनवरी।** हाथरस जिले में घने कोहरे के बीच ट्रक और कार की टक्कर हो जाने से एक परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बृजेश (38), उसकी पत्नी पूनम (35), उसके भाई श्याम सिंह (33) और उनके रिश्तेदार मुकेश (26) के रूप में हुई है।



ये सभी एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र के मूल निवासी थे। उसने बताया कि यह परिवार मंगलवार को पूनम के इलाज के लिए मथुरा गया था और बुधवार की रात लौट रहा था। यह दुर्घटना हाथरस जिले के सिकंदरा राउ इलाके में रतिभानपुर गांव के निकट एटा-सिकंदरा-राऊ राजमार्ग पर हुई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, घने कोहरे में आवारा पशु को बचाने के चक्कर में कार डिवाडर को पार कर गई और सामने से तेजी से आ रहे ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में बृजेश, श्याम सिंह और मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पूनम को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## उद्यमियों को अपने उत्पादों को बेचने का उचित प्लेटफार्म है ग्रामोद्योग प्रदर्शनी : रवीन्द्र जायसवाल

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** अर्बन हॉट चौकाघाट परिसर में 15 दिवसीय मंडलीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुक्रवार को समापन हो गया। इन 15 दिनों में विभिन्न उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री तीन करोड़ से अधिक रही। इस मौके पर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने मंडल स्तरीय पुरस्कार का वितरण भी किया। जिसमें अशोक कुमार जायसवाल को प्रथम पुरस्कार स्वरूप रु. 15000.00 का चेक, मो आफताब अहमद गाजीपुर को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप रू. 12000.00 का चेक एवं ऊषा सिंह गाजीपुर को तृतीय पुरस्कार स्वरूप रु. 10000.00 का चेक पुरुस्कार स्वरूप उपलब्ध कराए।

मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहां कि इस प्रकार की मेलों से निश्चित रूप से कुटीर उद्योगों, विशेष कर खादी के सामानों के प्रति लोगों का झुकाव होता है। ऐसे मेलों से कुटीर उद्योग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने सामानों की बिक्री करने के लिए एक उचित प्लेटफार्म एवं बाजार मिलता है।

प्रधानमंत्री भी लोकल फॉर वोकल पर विशेष जोर देते हैं। बता दें, प्रदर्शनी में कुल 113 स्टॉल लगे थे, जिसमें 25 खादी के स्टॉल एवं 88 स्टॉल ग्रामोद्योग के थे, जिसमें सीतापुर की चादर, प्रतापगढ़ का मुरब्बा, सोनभद्र की दरी, भदोही की कारपेट, बनारस की साड़ी, लकड़ी के खिलौने, आचार मुरब्बा, पंजाब की फुलकारी, उत्तराखंड के सदरी एवं उ० प्र० के अन्य जनपदों के साथ गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, जम्मू कश्मीर, दिल्ली के भी स्टाल लगे थे।

### मंत्री ने मंडल स्तरीय पुरस्कार का भी वितरण किया



कार्यक्रम में मां मुंडेश्वरी म्यूजिक ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दिया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी यू.पी.सिंह ने मंत्री का स्वागत किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूनम मौर्या, अध्यक्ष जिला पंचायत, धर्मेंद्र राय, सदस्य विधान परिषद उप्र, उमेश कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग वाराणसी मंडल, अरुण कुमार कुरील, उप निदेशक हथकरघा, एसएन पाल, सहायक निदेशक सूचना, गिरजा प्रसाद, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चंदौली, अमिता श्रीवास्तव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गाजीपुर, अमितेश कुमार सिंह, जिला परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी विंध्याचल मंडल मीरजापुर, किरण श्रीवास्तव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सोनभद्र, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, उद्यमी एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।









# इंसानों की तस्करी की त्रासदी वाला समाज कब तक?


-ललित गर्ग

**राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस- 11 जनवरी, 2025**

राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस हर साल 11 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन मानव तस्करी और आधुनिक दासता के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस एक ऐसे वैश्विक अपराध, त्रासदी एवं अभिशाप की ओर ध्यान आकर्षित करता है जो दुनियाभर में मानव जीवन, परिवारों और समुदायों को डरावनी, खौफनाक एवं त्रासद अंधेरी दुनिया में धकेलता है। मानव तस्करी लाखों लोगों की आजादी और सम्मान को छीनता है, समाज को अनगिनत नुकसान पहुँचाता है, कानून और सुशासन को कमजोर करता है और अपराध को बढ़ावा देता है। मानव तस्करी में बल, धोखाधड़ी या जबरदस्ती के इस्तेमाल के जरिए शोषण एवं उत्पीड़न शामिल है। मानव तस्करी कई रूपों में हो सकती है जिसमें यौन तस्करी, बाल यौन तस्करी, जबरन मजदूरी, ऋण बंधन, जबरन बाल मजदूरी, घरेलू दासता और बाल सैनिकों की अवैध भर्ती और उपयोग शामिल है। यह पुरुषों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और बच्चों को सीमाओं के पार और देश के अंदर दोनों जगह प्रभावित करता है। मानव तस्करी के खिलाफ कानून और नीतियां बनाने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रयास किए जाने अपेक्षित है।

वैश्विक स्तर पर, मानव तस्करी के शिकार पाँच व्यक्तियों में से एक बच्चा हैं हालांकि अफ्रीका और ग्रेटर मेकांग जैसे गरीब क्षेत्रों और उप-क्षेत्रों में, तस्करी के शिकार लोगों में से अधिकांश बच्चे ही हैं। इस बीच, दुनिया भर में मानव तस्करी के शिकार लोगों में से दो तिहाई महिलाएँ हैं। मानव तस्करी एक वैश्विक समस्या है और दुनिया के सबसे शर्मनाक अपराधों में से एक है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन के लिये अभिशाप है और सरकारों पर एक बदनुमा दाग एवं कलंक है। मानव तस्कर दुनिया के सभी कोनों से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को धोखा देते हैं और उन्हें हर दिन शोषणकारी अंधेरी परिस्थितियों एवं दुनिया में धकेलते हैं। जबकि मानव तस्करी का सबसे वीभत्स रूप यौन शोषण है, हजारों पीड़ितों को जबरन श्रम, घरेलू दासता, बाल मजदूरी एवं भीख मांगने के लिये मजबूर किया जाता है और ऐसे पीड़ितों के अंगों को निकालने के उद्देश्य से भी तस्करी की जाती है। अंतरराष्ट्रीय एनजीओ शोध के अनुसार, पापुआ न्यू गिनी के लगभग 30 प्रतिशत यौन तस्करी के शिकार 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, जिनमें से कुछ की उम्र 10 वर्ष से भी कम है। कथित तौर पर कतिपय परिवार या जनजाति के सदस्य यौन तस्करी या जबरन मजदूरी करवाते हैं। कुछ माता-पिता बच्चों को सड़क पर भीख मांगने या सामान बेचने के लिए मजबूर करते हैं, और कुछ अपनी बेटियों को कर्ज चुकाने, समुदायों के बीच विवादों को सुलझाने या अपने परिवारों का समर्थन करने के लिए विवाह या बाल यौन तस्करी के लिए बेच देते हैं या मजबूर करते हैं।

दुनियाभर में हर साल करीब 6 लाख से 8 लाख लोगों की तस्करी होती है। दुनियाभर में पाए गए सभी मानव तस्करी के पीड़ितों में से 51 प्रतिशत वयस्क महिलाओं की संख्या है। भारत में वर्ष 2019 में, सरकार ने 5145 मानव तस्करी के पीड़ितों और 2505 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की पहचान किए जाने की जानकारी दी, जोकि वर्ष 2018 में पहचान किए गए 3946 मानव तस्करी पीड़ितों और 1625 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की तुलना में वृद्धि थी। इसके आगे भी मानव तस्करी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में वर्ष 2010 में राष्ट्रपति की घोषणा के अनुसार, प्रत्येक जनवरी को राष्ट्रीय गुलामी और मानव तस्करी रोकथाम माह के रूप में नामित किया गया है। मानव तस्करी की बढ़ती शर्मनाक घटनाओं ने संवेदनहीन होते समाज की त्रासदी को उजागर किया है। इन घटनाओं को अभिभावकों एवं समाज की संवेदनहीनता और क्रूरता के रूप में देखा जा सकता है, वहीं आजादी के अमृत काल में भी मानव-तस्करी की घिनौनी मानसिकता के पांव पसारने की विकृति को सरकार की नाकामी माना सकता है। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के प्रति घटने वाली ऐसी संवेदनहीनता की घटनाओं पर रोक लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इस देश में मानव तस्करी के जघन्य अपराध के रूप में बच्चों के साथ जो हो रहा है उसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। उन्हें खरीदने-बेचने और उनसे भीख मंगवाने का धंधा, उनके शरीर को अपंग बनाने का काम, खतरनाक आतिशबाजी निर्माण में बच्चों का उपयोग, उनके साथ अमानवीय व्यवहार, तंत्र-मंत्र के चक्कर में बलि चढ़ते मासूम बच्चे और उनका यौन शोषण। देश के भविष्य के साथ यह सब हो रहा है। लेकिन जब सरकार को ही किसी वर्ग की फिक्र नहीं तो इन मासूमों की पीड़ा को कौन सुनेगा? इस बदहाली में जीने वाले बच्चों की संख्या जहां देश में लाखों में है, वहीं जन्मते ही बच्चों को बेच देने की घटनाएं भी रह-रह कर नये बन रहे समाज पर कालिख पौतते हुए अनेक सवाल खड़े करती है। लाखों बच्चे कुपोषण का शिकार मिलेंगे, लाखों बेघर, दर-दर की ठोकर खाते हुए आधुनिकता की चकाचौंध से कोसों दूर, निरक्षर और शोषित। बच्चों को बेच देने एवं तस्करी की घटनाएं कई बार ऐसी परतों में गुंथी होती हैं जिनमें समाज, परंपरागत धारणाएं, गरीबी और विवशता से लेकर आपराधिक संजाल तक के अलग-अलग पहलू शामिल होते हैं।

समाज में आज भी लड़के एवं लड़की को लेकर संकीर्ण एवं अमानवीय सोच व्याप्त है, झारखण्ड में एक दंपति को पहले से तीन बेटियां थी। सामाजिक स्तर पर मौजूद रूढ़ियों से संचालित धारणा के मुताबिक उस दंपति को एक बेटे की जरूरत थी। यानी तीन बेटियां उसकी नजर में महत्वहीन थी कि उससे बेटे की भरपाई हो सके। इसलिए उसने ऐसी सौदेबाजी कराने वाले मानव तस्कारों एवं दलालों के जरिए किसी अन्य महिला से उसका नवजात बेटा खरीद लिया। यानी मन में बेटा नहीं होने के अभाव से उपजे हीनताबोध और कुंठा की भरपाई के लिए कोई व्यक्ति पैसे के दम पर गलत रास्ता अपनाने से भी नहीं हिचकता। इसके अलावा, मानव तस्करी करने वाले गिरोह दूरदराज के इलाकों में और खासतौर पर गरीबी की पीड़ा झेल रहे लोगों के बीच अपने दलालों के जरिए बालक एवं बालिका खरीदने के अपराध में लगे रहते हैं। झारखण्ड, ओड़ीसा, बिहार जैसे राज्यों के गरीब इलाकों में ऐसे तमाम लोग होते हैं, जिन्हें महज जिंदा रहने के लिए तमाम जद्दोजहाद से गुजरना पड़ता है। विश्व की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनते भारत की सतह पर दिखने वाली अर्थव्यवस्था की चमक की मामूली रोशनी भी उन तक आखिर क्यों नहीं पहुंच पाती है?

मानव तस्करी की बढ़ती घटनाओं में बच्चों एवं बालिकाओं को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है। निश्चित रूप से इस मामले में मां की ममता एवं करूणा कठघरे में होती है, मगर कई बार अपने ही बच्चे के बदले पैसा लेने की नौबत आने में हालात भी जिम्मेदार होते हैं। वरना अपने बच्चे का सौदा करना किसी मां के लिए इतना आसान नहीं होता है। झारखण्ड और ओड़ीसा सहित देश के अनेक हिस्सों के गरीब इलाकों से अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिनमें कुछ हजार रुपए के लिए ही बच्चे को मानव तस्करों के हवाले कर दिया जाता है। सवाल है कि बच्चे को बेचने के पीछे क्या कारण होते हैं, उनके खरीददार कौन होते हैं और ऐसी सौदेबाजी को आमतौर पर एक संगठित गतिविधि के रूप में अंजाम देने में क्यों सफलता मिल जाती है। क्यों कानून का डर ऐसे मानव तस्कारों एवं अपराधियों को नहीं होता? क्यों सरकारी एजेंसियों की सख्ती भी काम नहीं आ रही है और लगातार ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां प्रश्न कार्रवाई का नहीं है, प्रश्न है कि ऐसी विकृत सोच एवं अपराध क्यों पनप रहे हैं?

राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस मनाते हुए हमें इस गुलामी एवं अभिशाप से मुक्ति में लगे संगठनों को आर्थिक मदद करनी चाहिए। हमें इस गुलामी को खत्म करने के लिए स्वयं आगे आना चाहिए। आज, मानव तस्करी के बारे में बहुत सारी भ्रांतियाँ हैं, इसलिए खुद को शिक्षित करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें। सरकारों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह ईमानदारी से करना चाहिए।

# क्या मायावती अपना राष्ट्रीय दर्जा बचाने के लिए लड़ रही है दिल्ली चुनाव?


अशोक भाटिया

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर देश की राजधानी में राजनीतिक माहौल काफी गरमाया हुआ है।मुख्य मुकाबला भाजपा , कांग्रेस व आप पार्टी के बीच दिखाई दे रहा है पर , मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने भी आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी कमर कस ली है। बीएसपी जल्द ही दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतार रही है।दिल्ली में बहुजन समाज पार्टी का वैसे तो बीते चुनाव में कोई जनाधार नहीं रहा था, लेकिन फिर भी बसपा ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती के अनुसार दिल्ली का चुनाव उनकी पार्टी अकेले लड़ रही है ।

चुनाव के इस रण में अचानक बसपा ने सभी सीटों पर लड़ने का एलान कर भाजपा व आप पार्टी के लिए मुसीबत कड़ी कर दी है । वैसे मायावती के हाथी का इस रण में उतरना कोई नई बात नहीं है । राजधानी दिल्ली में बसपा दिल्ली नगर निगम की 250 और दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव लड़ती हुई आई है। साल 2008 में दिल्ली में 2 उम्मीदवार बसपा से जीत कर पहुंचे थे। हालांकि, 2013 के विधानसभा चुनाव में पार्टी किसी भी सीट से चुनाव नहीं जीती। हालांकि, इन सबके बाद बसपा ने साल 2009, 2014 और 2019 में दिल्ली में लोकसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन कोई खास कामयाबी नहीं मिली। दिल्ली की राजनीति में बसपा ने चुनाव हर बार लड़ा, लेकिन दम नहीं दिखा पाई। वर्ष 2004 से 2024 तक हुए चार लोकसभा चुनाव में बसपा को इस बार सबसे कम वोट प्रतिशत मिला है। इस बार उसका वोट शेयर महज 0. 71 प्रतिशत रहा, जबकि वर्ष 2019 में 1.1 फीसदी रहा था। राजधानी दिल्ली में बसपा की छवि अब सिर्फ वोट काटने वाली पार्टी की बन गई है। यही नहीं पहले आम चुनाव फिर हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में मिली नाकामयाबियों से देश की एक मात्र दलितों के लिए राजनीति करने वाली राष्ट्रीय पार्टी बसपा पर नेशनल पार्टी का दर्जा छिनने का खतरा मंडराने लगा है। उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में लगातार घटते मत प्रतिशत के चलते बसपा को चिंता सता रही है। निर्वाचन आयोग इसकी समीक्षा करेगा तो बीएसपी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बचा रहना मुश्किल हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में चार बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार रही। केंद्र में भी पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसद जीतते रहे हैं। कई राज्यों में भी पार्टी के विधायक चुनाव जीतने में सफल होते रहे। पार्टी का जनाधार देश भर में फैला और मूलरूप से उत्तर प्रदेश की इस पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया। बसपा उन आधा दर्जन पार्टियों में शामिल है जो राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दल हैं, लेकिन हाल के कुछ सालों में बहुजन समाज पार्टी के लगातार गिरते प्रदर्शन से अब उसके सामने राष्ट्रीय स्तर का दर्जा बरकरार रख पाना भी बड़ी चुनौती साबित हो रहा है।

हाल ही में जब हरियाणा और जम्मू कश्मीर के नतीजे आ गए। सभी राजनीतिक दलों की तरह ही बहुजन समाज पार्टी ने भी चुनाव परिणाम से बड़ी उम्मीद लगा रखी थी, लेकिन नतीजे पार्टी के पक्ष में नहीं आए और सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ी बहुजन समाज पार्टी के कुल 37 सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, लेकिन एक भी प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल नहीं हो पाया। अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। पिछले चुनाव में जहां पार्टी का 4.74 फीसदी मत मिले थे, वहीं इस चुनाव में वोट प्रतिशत 3% घटकर सिर्फ 1. 82 फीसदी ही रह गया। जम्मू कश्मीर की स्थिति तो और भी बदतर हो गई। यहां पर पार्टी का मत प्रतिशत सिर्फ 0. 96 फीसद ही रह गया। पिछले कुछ चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रदर्शन की बात की जाए तो यह खस्ता हाल ही रहा है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में 2007 में बहुजन समाज पार्टी को 30. 43 फीसद वोट हासिल हुए थे और 206 सीटें जीतकर पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में आई थी और पार्टी की सीटें सिर्फ 80 रह गईं। 2017 में जब चुनाव हुआ तो वोट प्रतिशत घटकर 22.23% और सीटें सिर्फ 19 रह गई 2022 में तो पार्टी की हालत और भी खस्ता हो गई । वोट प्रतिशत सिर्फ 12.58 रह गया और जबकि सीट सिर्फ एक ही रह गई। इसी तरह बात अगर अन्य राज्यों में की जाए तो उत्तराखंड में 2007 में बहुजन समाज पार्टी को 11.76 % वोट हासिल हुए थे और 8 सीटों पर पार्टी ने जीत हासिल की थी। 2012 में वोट फीसद बढ़कर 12.5 % हो गया, लेकिन सीटें तीन ही रह गईं । साल 2017 में पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ। वोट सिर्फ 7 % रह गए और सीट एक भी न मिली। 2022 में यह अनुपात और भी कम हो गया। सीटें सिर्फ दो रह गईं और वोट प्रतिशत गिरकर 4.52 % रह गया। मध्य प्रदेश की बात की जाए तो साल 2008 में 8.97% वोट और सात सीटों पर पार्टी को जीत मिली। साल 2013 में 6.29% वोट और चार सीटें, 2018 में 5.01 % वोट और दो सीटें हासिल हुई। 2023 में 3.35% वोट मिले और सीट एक भी न बची। छत्तीसगढ़ में 2008 में 6.11% वोट और दो सीटें, 2013 में 4.30 % वोट और एक सीट, 2018 में 3.90 % वोट और दो सीटें, 2023 में 2. 57 % वोट और सीट एक भी न मिली। राजस्थान में साल 2008 में बहुजन समाज पार्टी का वोट बैंक 7.5 0% था और छह सीटों पर पार्टी के विधायक बने थे । 2013 में वोट प्रतिशत 4. 20 % रह गया और सीटें घटकर तीन रह गईं। 2018 में वोट प्रतिशत 4.02 % रह गया लेकिन सीटें छह हो गईं। 2023 में वोट प्रतिशत बहुत ज्यादा गिरकर 1.82% रह गया और सीटें भी सिर्फ दो रह गईं । बता दें कि, किसी भी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए तीन मानक होते हैं। इन सभी मानकों पर खरा उतरने वाली पार्टी को ही चुनाव आयोग की तरफ से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया जाता है। पहला मानक यह है कि कम से कम चार राज्यों में लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़े और उनमें कम से कम छह फीसद से ज्यादा वोट हासिल करे। इतना ही नहीं इन राज्यों से कम से कम चार लोकसभा प्रत्याशी चुनाव जीत कर आए। दूसरा मानक ये है कि कम से कम चार राज्यों में राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा हासिल करे और तीसरा मानक यह है कि कुल सीटों में से कम से कम तीन राज्यों से दो प्रतिशत सीटें वह जीत जाए।

चुनाव आयोग ने पिछले साल अप्रैल में पार्टियों के चुनाव में प्रदर्शन की समीक्षा की थी और आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया था तो टीएमसी और एनसीपी से दर्जा छीन लिया था। तब बहुजन समाज पार्टी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा इसलिए कायम रहा था क्योंकि वह चार राज्यों में क्षेत्रीय पार्टी थी। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, एमपी, राजस्थान और मिजोरम के चुनाव हुए नहीं थे। इससे पहले 2018 के चुनाव में बसपा राजस्थान में छह सीटों पर जीत हासिल की थी। छत्तीसगढ़ में उसके पास दो सीटें थीं। इस प्रकार तीन सीटें या तीन प्रतिशत सीटों पर जीत के आधार पर वह यहां राज्य स्तरीय पार्टी बनी रही थी। इसी तरह उत्तराखंड में दो सीटें जीतकर राज्य स्तरीय पार्टी बन गई थी। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में छह फीसद से ज्यादा वोट हासिल कर और लोकसभा सीट जीतने के आधार पर राज्य स्तरीय पार्टी बनी रही। यही वजह है कि उसका राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बरकरार रहा।

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक मनमोहन अग्रवाल का कहना है कि, बहुजन समाज पार्टी की स्थिति खराब होती जा रही है। पार्टी ने पिछले यूपी विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाया। सिर्फ एक ही विधायक जीत पाया। वह भी उमाशंकर सिंह। जो अपने दम पर भी जीत सकते हैं। लोकसभा चुनाव में 2019 में समाजवादी पार्टी से गठबंधन किया तो 0 से 10 सीटों पर बीएसपी पहुंच गई, लेकिन 2024 में जब पार्टी ने अकेले दम चुनाव लड़ा तो लोकसभा में फिर से जीरो पर आ गई। अब हरियाणा और जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव में पार्टी को कुछ नहीं मिला। मत प्रतिशत भी लगातार गिरता ही जा रहा है। ऐसे में यह सच है कि अगर इलेक्शन कमीशन ने समीक्षा की तो बीएसपी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे पर संकट खड़ा हो सकता है।

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान


-रमेश सर्राफ धमोरा

**12 जनवरी युवा दिवस पर विशेष**

भारत में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है।

खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा सन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा सन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा सन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे सन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे।

स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का अष्टाध्यायी व पातंजलि का महाभाष्याधायी का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था। अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर सन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें। मैं यहां भजन सुनाउंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन

प्रभू मोरे अवगुण चित न धरो ।
समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो ॥

सुनाया तो स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी सन्यासोन्मुखी हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया।

इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है। उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोक उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं।

शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया।

सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये। स्वामी विवेकानन्द जी ने एक बार कहा था कि यदि खेतड़ी के राजा अजीतसिंह जी से उनकी भेंट नही हुयी होती तो भारत की उन्नति के लिये उनके द्वारा जो थोड़ा बहुत प्रयास किया गया उसे वे कभी नहीं कर पाते। स्वामी जी राजा अजीतसिंह को समय-समय पर पत्र लिखकर जनहित कार्य जारी रखने की प्रेरण देते रहते थे। राजा अजीतसिंह और स्वामी विवेकानन्द के अटूट सम्बन्धों की अनेक कथाएं आज भी खेतड़ी के लोगों की जुबान पर सहज ही सुनने को मिल जाती है। स्वामीजी का मानना था कि यदि राजा अजीतसिंह नहीं मिलते तो उनका शिकागो जाना संभव नहीं होता। स्वामी जी ने माना था कि राजा अजीतसिंह ही उनके जीवन में एकमात्र मित्र थे। स्वामी जी के आग्रह पर राजा अजीत सिंह ने स्वामी की माता भुवनेश्वरी देवी को 1891 से सहयोग के लिये 100 रुपए प्रतिमाह भिजवाना प्रारम्भ करवाया था जो अजीतसिंह जी की मृत्यु तक जारी रहा। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में व मृत्यु 4 जुलाई 1902 को हुयी थी। इसी तरह राजा अजीतसिंह जी का जन्म 10 अक्टूबर 1861 में व मृत्यु 18 जनवरी 1901 को हुयी थी। दोनो का निधन 39 वर्ष की उम्र में हो गया था व दोनो के जन्म व मृत्यु का समय में भी ज्यादा अन्तर नहीं था। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता है।

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए यह संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रेत, समाज सुधारक, युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, आध्यात्मिक विचार और उनके आदर्श हैं। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। किसी भी देश के युवा उसका भविष्य होते हैं। उन्हीं के हाथों में देश की उन्नति की बागडोर होती है।

स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन नामक सेवा भावी संगठन की स्थापना की। जिसकी राजस्थान में प्रथम शाखा खेतड़ी में 1958 को राजा अजीतसिंह के पौत्र बहादुर सरदार सिंह द्वारा खेतड़ी प्रवास के दौरान स्वामी जी के ठहरने के स्थान स्वामी विवेकानन्द स्मृति भवन में प्रारम्भ करवायी गयी। मिशन द्वारा खेतड़ी में गरीब तथा पिछड़े बालक-बालिकाओं के लिए श्री शारदा शिशु विहार नाम से एक बालवाड़ी, सार्वजनिक पुस्तकालय, वाचनालय एवं एक मातृ सदन तथा शिशु कल्याण केन्द्र भी चलाया जा रहा है। खेतड़ी चौराहे पर तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व.भैरोंसिंह शेखावत ने 1996 में स्वामी विवेकानन्दजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया था। जिससे आनेवाली पीढियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी खेतड़ी में रामकृष्ण मिशन का दौरा कर स्वामी विवेकानन्द जी से जुड़ी यादों का अवलोकन कर चुके हैं।

# हिंदी के दम फलता-फूलता वैश्विक बाजार


संजीव ठाकुर

वर्तमान में हिंदी भाषा वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद और व्यवसाय है और वैश्विक स्तर पर हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिंग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज चैनल में न्यूज एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिंग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 141करोड़ उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता ।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़े हुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 141 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है। वैश्विक स्तर पर भी देखा जाए तो हिंदुस्तानी मूल के लोग श्रीलंका,मॉरीशस,फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा,ऑस्ट्रेलिया,न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका में फैले हुए हैं। ऐसे में हिंदी का वैश्विक विस्तार अपने आप हिंदी भारतीय अप्रवासी, प्रवासी भारतीय लोगों के माध्यम से होने लगता है।फिर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रॉस, इटली, जापान,चाइना इनके उत्पादक को भारत के उपभोक्ताओं के बीच बेचने के लिए उन्हें हिंदी की आवश्यकता होती है, भारत एक शक्तिशाली उपभोक्ता बाजार है। एक साथ एक ही जगह इतने ग्राहक मिलना किसी अन्य देश में असंभव है। इन परिस्थितियों में विश्व का हर देश अपने बनाए गए उत्पादन का बाजार खोजने भारत की ओर खिंचा चलाआता है। और हिंदी को माध्यम बनाकर वह अपना माल बेचना शुरू करता है। और इसके लिए टी,वी, इंटरनेट, कंप्यूटर,व्हाट्सएप तथा फेसबुक में हिंदी में विज्ञापन देकर उसका प्रचार प्रसार करता है। विज्ञापनों में हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार और प्रसार वैश्विक स्तर पर होने लगा है।

डॉक्टर जयंती प्रसाद नौटियाल ने भाषा शोध अध्ययन 2012 में यह दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी में अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं का उपयोग करने वालों को पीछे छोड़ दिया है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाए जाने का निर्णय लिया था। इसी तारतम्य में भारत में प्रत्येक पर 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर देश की राजधानी दिल्ली चलेगी ग्राम पंचायत तक मनाया जाता है इसके इतर 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस भी मनाया जाता है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। वैसे भी अंग्रेजों के आगमन के पूर्व हिंदी देवनागरी लिपि में उर्दू तथा फारसी शब्दों का समावेश होता रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद इसने अंग्रेजी शब्दों को भी आत्मसात किया। हिंदी एक विशाल हृदय की विशाल भाषा है। इसमें अन्य भाषा के अपभ्रंश आने से हिंदी कभी मूल रूप से दिग्भ्रमित या विकृत नहीं हो पाई है। यही वजह है कि हिंदी वैश्विक स्तर पर धीरे-धीरे विस्तारित, प्रचारित एवं प्रसारित होती जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 45 करोड़ से अधिक लोग हिंदी भाषा बोलते हैं, इसकी सरलता विश्व के लोगों को प्रभावित करती जा रही है, भारत के विद्वानों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, कवियों, फिल्मी गीत कारों के प्रयासों से हिंदी ने वैश्विक रूप लिया है। हिंदी को वैश्विक रूप से उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए फिल्म निमार्ताओं गीतकार एवं संगीत, गानों का भी बड़ा योगदान रहा है। हिंदुस्तान में बनी फिल्म को विदेशों में रह रहे भारतीय तथा अन्य भाषाई लोग उसके गीतों तथा उसके संवाद के कारण उस फिल्म को देखने जाते हैं, जिससे सीधे-सीधे भारतीय फिल्मकारों को विदेशी मुद्रा का अर्जन होता है। इस तरह उपभोक्तावाद, बाजारवाद के नजरिए से देखें तो हिंदुस्तानी उपभोक्ताओं का बहुत बड़ा बाजार वैश्विक स्तर पर फैला हुआ है। जिससे हिंदी भाषा न सिर्फ बाजारवाद की भाषा बनी है, बल्कि साहित्यिक रूप से भी गीत, गजल और गानों के रूप में समृद्ध हुई है। वर्तमान में हिंदी न सिर्फ हिंदुस्तान में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय होती जा रही है। भारत में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए 14 सितंबर को हिंदी दिवस मना कर एवं वैश्विक स्तर पर विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता रहा है। इस संदर्भ में पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार तथा विस्तार को कोई भाषा रोक नहीं सकती है। हिंदी भारत की एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसके माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न भाषा वासी लोग आपस में अपने विचारों का आदान-प्रदान सकते हैं। एनी बेसेंट ने हिंदी भाषा को लेकर काफी सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं मैं जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह हिंदी है। वह व्यक्ति जो हिंदी जानता है पूरे भारत में किसी भी प्रांत की यात्रा कर सकता है और हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। अब तो बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार पूर्णता हिंदी में करना शुरू कर दिया। इसी तारतम्य में यदि यह कहा जाए कि हिंदी वैश्विक बाजार वाद या उपभोक्तावाद की सबसे बड़ी एवं सशक्त भाषा बन गई है, तो यह अतिरेक नहीं होगा। अंग्रेजी जरूर अंतर राष्ट्रीय भाषा है,पर हिंदी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोले जाने वाली द्वितीय भाषा तो जरूर है ही, एवं उपभोक्ताओं के लिए यह प्रथम स्थान रखती है।भारत में हिंदी भाषा सभी प्रांतों सभी राज्यों को एकता के सूत्र में पिरोने वाली एक मातृभाषा स्थापित रूप से है। इसीलिए इसे राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा का वास्तविक सम्मान दिए जाने की आवश्यकता है।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना का मुंबई पश्चिमी क्षेत्र में हुआ विस्तार



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** ब्राह्मण समाज के हित में कार्य कर रही 'राष्ट्रीय परशुराम सेना' ने मुंबई पश्चिमी क्षेत्र का विस्तार किया। इस अवसर पर संतोष शुक्ला को पश्चिम मुंबई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह कार्यक्रम कांदिवली पूर्व स्थित वंदना बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुआ, जहां आयोजन की शुरूआत चंदन जनेऊ से स्वागत और दीप प्रज्वलन से की गई।

सेना के राष्ट्रीय सचिव अविनाश दिनेश पांडेय ने मंच का संचालन करते हुए कहा, ३हम विप्र समाज के सुख में भले न पहुंचें, लेकिन दुख में सबसे पहले पहुंचने का प्रयास करना होगा। उन्होंने आगे कहा, हम डिजिटलाइजेशन पर कार्य कर रहें हैं। अब समय आ गया है कि हम निर्बल, वंचित और पिछड़े ब्राह्मणों के हित में सरकार से आरक्षण की मांग करें।३ साथ ही उन्होंने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे अन्य समाजों का सम्मान करते हुए, अपने आसपास के सभी ब्राह्मणों को सेना से जोड़ने का प्रयास करें। इस अवसर पर महाराष्ट्र के अध्यक्ष सचिन चौबे ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर तेजी से काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए सभी तैयार हैं। राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा ने समाज के उत्थान के लिए ध्यान रखने की बात करते हुए कहा, हमें ब्राह्मण समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी मदद करनी होगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश पांडेय ने उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों के लिए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी तरह मुंबई में भी हम समाज के लिए मजबूत कार्य करेंगे। इस बैठक में मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों जैसे मुलुंड, भांडुप, बोरीवली, नालासोपारा, पनवेल, दिवा, कल्याण आदि से पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर आशा शुक्ला, कृष्णकांत शुक्ला, आशीष पांडेय, मुन्ना मिश्रा, संदीप तिवारी, जय शुक्ला, जय तिवारी, आर. के. मिश्रा, देवनारायण तिवारी, राजेश पांडेय, संजय शर्मा, संतोष शुक्ला, आशा शुक्ला, इंद्रप्रकाश तिवारी, अजय शुक्ला और रास बिहारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया। संगठन के सदस्यों ने आधुनिक तरीके से विप्र समाज को राष्ट्रीय परशुराम सेना से जोड़ने का निर्णय लिया और कार्यक्रम का समापन आभार प्रकट करते हुए किया।

## स्वयंसिद्धि मित्र संघ महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन कला एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के रूपांतरण का उद्घाटन



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी शहर के टेमघर स्थित स्वयं सिद्धि मित्र संघ महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन कला एवं खेलकूद स्पर्धा का उद्घाटन संस्था के ट्रस्टी सीए सुरेश जैन के हाथों किया गया । उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य शैलेश बोरकर , वरिष्ठ प्राध्यापक महेश सोनी , उप प्राचार्य डॉ. योगेश पवार के साथ भिवंडी के पत्रकारों की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया । बतादें कि इस रुपांतरण प्रतियोगिता का 15वां वर्ष है जिसमें फैशन शो, नृत्य, नाटक, रंगोली और मेहंदी शामिल हैं । वहीं कला प्रतियोगिताओं के साथ-साथ बॉक्स क्रिकेट, रस्साकशी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो और कबड्डी जैसी खेल प्रतियोगिताएं भी शामिल की गई । इन प्रतियोगिताओं में भिवंडी, कल्याण, डोंबिवली, ठाणे और मुंबई के 32 कॉलेजों के 2800 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया । आयोजन समिति प्रमुख प्रो. रक्षा करवा, प्रो. अस्वद शेख आदि के साथ कालेज के अन्य प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया । उक्त अवसर पर संस्था के ट्रस्टी सी ए सुरेश जैन ने पत्रकार परिषद कर जानकारी देते हुये बताया कि महाविद्यालय की स्थापना भिवंडी के मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुये रखी गयी थी और महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए नित्य नये नये व्यवसायिक कोर्सेज लाकर योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है जिसका लाभ भिवंडी व आसपास के शहरों के विद्यार्थियों को मिल रहा है । वहीं महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क के लिये स्कालरशिप व किस्त में शुल्क देने की रियायत भी देते हैं ।

## परिमंडल तीन में नशे के खिलाफ मोहिम तेज



**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** पुलिस जोन तीन में नशे पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस महकमा अलर्ट मोड़ पर है। बीते दस दिनों में पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ कमरतोड़ कार्रवाई शुरू की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने अनेक आवारा नशेड़ियों की बारात निकाली और नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इन मामलों की जानकारी देते हुए परिमंडल-3 कल्याण के डीसीपी अतुल झेंडे ने बताया कि मानपाड़ा थाना क्षेत्र के एमआईडीसी परिसर में पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर तलाशी ली, तो उसके पास से 34 ग्राम मेफेड्रा न नामक ड्रग्स बरामद हुआ, जिसकी कीमत 1 लाख 8 हजार रुपये बताई गई है। पूछताछ करने पर संदिग्ध ने अपना नाम विनय अय्यर बताया, जो डोंबिवली के राजाजी पथ का निवासी है। पुलिस उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है.

# तलासारी में भव्य किसान सम्मेलन एवं प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिला परिषद पालघर तथा पंचायत समिति तलासरी के सहयोग से बुधवार 8 जनवरी 2025 को तलासरी पंचायत समिति सभागार में एक भव्य किसान सम्मेलन व पशुपालक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन जिला परिषद पालघर कृषि एवं पशुपालन समिति के सभापति संदीप पावड़े के हाथों किया गया। यह शिविर पंचायत समिति सदस्य राजेश खरपड़े की अध्यक्षता में तथा जिला परिषद सदस्य व कृषि समिति सदस्य विजय उराडे, जिला परिषद सदस्य अनिल झिरवा, पंचायत समिति सदस्य भरत कडू, जयवंती गोरखना की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सभापति संदीप पावड़े ने कहा कि कृषि प्रधान देश के किसानों ने कोरोना जैसी वैश्विक बीमारी के इस कठिन समय में देश के सभी लोगों की सबसे अधिक मदद की है। ये किसान और पशुपालक प्रशिक्षण सत्रों तक सीमित नहीं होने चाहिए बल्कि व्यापक और ज्ञानवर्धक होने चाहिए। यह कहते हुए कि सभी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के माध्यम से लोगों तक पहुंचनी चाहिए, उन्होंने बैठक में उपस्थित तहसील कृषि अधिकारी और कृषि अधिकारियों को अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को ग्राम सभाओं में उपस्थित होने और लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिये। विक्रमगढ़ तहसील के खोमारपाड़ा के सासने में किसानों को प्रशिक्षित होकर आधुनिक कृषि की ओर रुख करना चाहिए और इस बात का सबूत देना चाहिए कि किसान धान के अलावा ग्वार, कार्ले आदि फसलें लेकर प्रगति की ओर



बढ़ रहे हैं।

पंचायत समिति सदस्य राजेश खरपड़े ने कहा कि सरकार ने किसानों को व्यवसाय की ओर ले जाने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया है। इस अवसर पर उन्होंने अपील की कि किसान एवं पशुपालक कृषि एवं पशुपालन विभाग के मार्गदर्शन में जानकारी हासिल करें और अधिक से अधिक लाभार्थी योजनाओं का लाभ उठायें। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रकाश हसनालकर ने जिले के पशुपालन विभाग की योजनाओं के संबंध में जानकारीपूर्ण मार्गदर्शन किया। कृषि एवं पशुपालन समिति के वर्तमान सभापति संदीप पावड़े ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान कृषि एवं पशुपालन विभाग के लेखा प्रमुखों को योजनाओं की पारंपरिक निरंतरता को बनाए रखते हुए नवीन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित किया। इनमें से कुछ योजनाएं केवल महाराष्ट्र की पहली जिला परिषद पालघर द्वारा ही क्रियान्वित की जा रही हैं।.जिला कृषि अधिकारी विश्वजीत माने ने योजना पर विस्तृत मार्गदर्शन किया और बताया कि योजनाओं का लाभ तीन प्रमुख घटकों के माध्यम से लाभार्थियों तक कैसे पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि हम किसानों और पशुपालकों की सेवा कर रहे हैं ताकि किसान अपनी आय बढ़ा सकें और सामाजिक प्रगति हासिल कर सकें। डॉ.भुवनेश्वर बोरकर, जिला पशुपालन उपायुक्त, पालघर के प्रशिक्षण के माध्यम से सीखना आवश्यक है। सीखने की प्रवृत्ति से हम कृषि और पशुपालन से शुरू हुई आय बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उद्यमिता आपका लक्ष्य होना चाहिए तथा उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की गुणवत्ता में भी सुधार करना चाहिए। इससे किसान का आर्थिक स्तर ऊंचा उठेगा। यहां उपस्थित स्थानीय आदिवासी युवा पशुपालक अजीत सुतार (निवासी करजगांव) ने मुर्गीपालन कर बड़ा व्यवसाय खड़ा करने का अपना अनुभव साझा किया।वर्तमान समय में उन्होंने 12 से 13 नस्ल की मुर्गियां पाल रखी हैं और वे 15 से 17 लाख के वार्षिक कारोबार की ओर बढ़ रहे हैं और प्रगतिशील मुर्गीपालन व्यवसाय के माध्यम से लाखों की कमाई की। इसके बाद सूअर पालन के स्थानीय युवा उद्यमी रवि सोनवाल (निवासी मौजे तलासरी) ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वह बिना किसी योजना के समर्थन के 18 से 20 लाख के वार्षिक टर्नओवर के साथ सूअर पालन से आगे बढ़ रहे हैं।

## वसई पूर्व मे स्नेहा दुबे का अभिनंदन समारोह



**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** भाजपा वसई विरार जिला द्वारा वालीव पूर्व मे अभिनंदन समारोह एवं भव्य दल प्रवेश का आयोजन किया गया.जिसमे भाजपा पार्टी के नेतृत्व, विचारधारा एवं कार्यशैली में आस्था रखते हुए अनेक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। वसई विधानसभा की 133 लोकप्रिय विधायक श्रीमती. स्नेहा एवं दुबे पंडित का अभिनंदन किया तथा अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अभिनंदन के लिए स्नेहा दुबे ने सभी को धन्यवाद देते हुए पार्टी की आगे की दिशा के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। मौके पर सांसद डॉ. हेमन्त सावरा, वसई विरार जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, केदारनाथ म्हात्रे, अभय कक्कड़, सूर्यकांत वाघमारे, जिला महासचिव सुनील किनी, वसई पूर्व। मंडल महासचिव नाइकू देसाई, वसई पूर्व। मंडल ओबीसी अध्यक्ष हेमन्त सहित प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आशीर्वाद स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**ठाणे (उत्तरशक्ति)।** शहर के नागांव (चाविंद्रा) स्थित आशीर्वाद शिक्षण प्रसार मंडल द्वारा संचालित आशीर्वाद हिंदी हाई स्कूल एवं शांति देवी वीरेंद्रप्रताप सिंह हिंदी प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी गंभीरानन्द नवनिर्माण ट्रस्ट के ब्रह्मचारी परमपूज्य स्वामी प्रेमस्वरूप चैतन्यजी महाराज उपस्थित थे। स्वामी जी महाराज द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महाराज के साथ आश्रम के सेवाधारी एवं बीएनएन कॉलजे प्रो. डॉ. कुलदीप सिंह राठौर , स्वयं सिद्धी कॉलेज के प्रो. रवि एस. बिटला,डोंबीवली स्थित सक्षम ग्रुप के डायरेक्टर समीर माली, डॉ. प्रभाकर विश्वकर्मा, डॉ. बृजलाल पटेल, डिवाइन क्लासेज शिक्षक



अनिल झा, उद्योगपति शोभनाथ उर्फ गुड्डू मौर्या, राजू मौर्या, स्वामी गंभीरानन्द नवनिर्माण ट्रस्ट के मैत्रेयी महिला परिषद की अध्यक्ष एवं संगीत शिक्षिका दीपमाला विश्वकर्मा एवं विनोद मिश्रा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस वार्षिकोत्सव में दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा कुल 27 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने नृत्य, ड्रामा एवं गीत सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके साथ ही बच्चों ने पिरामिड का भी शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों में लेजिम ,गणेश वंदना ,ओल्ड एज होम ,नशामुक्ति नाटक जैसे प्रस्तुतियों को कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सीदाराम चौगुले एवं प्रो. डॉ. कुलदीपसिंह राठौर द्वारा स्वामीजी महाराज का परिचय दिया गया। ब्रह्मचारी श्री प्रेमस्वरूप चैतन्यजी महाराज द्वारा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के बाद विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिया गया। आशीर्वाद स्कूल के विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण करने के लिए पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी सहित बीजेपी उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष मंगेश यादव, बीजेपी के जिला महासचिव एडो. प्रवीण मिश्रा, पी.डी. यादव, एड. नंदन गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजय नायक, वरिष्ठ पत्रकार दानिश आजमी एवं खालिद अब्दुल कयूम अंसारी,वरिष्ठ शिक्षक अकबर पिंजारी,प्रतापगढ़ से आए महेश सिंह,विनय कुमार सिंह उर्फ बबलू ठाकुर,साधू यादव, आदर्श रामलीला समिति मानसरोवर के महासचिव मंगलेशलाल शर्मा, लक्ष्मी केजरीवाल,हृदयनारायण सिंह एवं बच्चूलाल जायसवाल,श्रीराम हिंदी हाईस्कूल के मुख्याध्यापक प्रवीण सूयार्राव,आरिफ अंसारी, समाजसेवक गुलाब शंकर शुक्ला,हनुमानदत्त शुक्ला,सुदर्शन बल्ला आदि।

# ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की छठी शरीफ के मौके पर प्रसाद वितरित

## भारत सोनवणे ने अपने हांथो बांटा प्रसाद

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** देश के महान सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज की छठी शरीफ के मौके पर कल्याण के सूचक नाका परिसर में प्रसाद वितरित किया गया। बतादें कि इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज की छठी शरीफ अर्थात उर्स 7 जनवरी को बड़े ही शानोशौकत के साथ मनाया गया। केवल अजमेर ही नहीं बल्कि समूचे भारत देश में ख्वाजा साहब के मानने वाले उनकी याद में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। ठीक इसी तरह शुक्रवार को सूचक नाका में हर साल की तरह साल इस साल भी आरपीआई के युवा नेता भारत सोनवणे के मार्गदर्शन में छठी शरीफ मनाई गई। शुक्रवार की नमाज के बाद नमाजियों के साथ-साथ परिसर के लोगों में मीठा पकवान बांटा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फय्याज खान, नौशाद शेख, अली



खान, फिरोज खान, शैबाज शेख, शोयब शेख, मेहमूद अंसारी, सलमान चौधरी, नवाज मुलानी, शादाब सिद्दीकी आदि तमाम लोगों ने विशेष योगदान दिया। इस दौरान भारत सोनवणे ने कहा कि सूचक नाका इलाके में सभी जाति-धर्म के लोग एकता और भाईचारे के साथ रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता का जतन करना है।



**शिवसेना चांदिवली विधानसभा दिनदर्शिका -२०२५ का प्रकाशन करते हुए शिवसेना के प्रमुख नेता महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथजी शिंदे। इस अवसर पर शिवसेना चांदीवली विधानसभा के कार्य सम्राट विधायक दिलीप मामा लांडे साथ में विधानसभा प्रमुख अशोक माटेकर, युवा सेना राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रयाग दिलीप लांडे, उपविभाग प्रमुख सागर तुलस्कर शाखा प्रमुख सुशील जाधव, शैलेश निंबालकर, नितिन गोखले आदि उपस्थित थे।**

# विश्व हिंदी दिवस पर डॉ. रविंद्र मिश्रा ने हिंदी को वैश्विक मंच पर सशक्त बनाने का किया आह्वान

**मुंबई(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** 10 जनवरी 2025 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता और ३राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् महिला बाल विकास आयोग३ के मुख?य महासचिव डॉ. रविंद्र मिश्रा ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी वैश्विक पहचान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। डॉ. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यह भारत की आत्मा और हमारी पहचान की ध्वजवाहक है। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य न केवल हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करना है, बल्कि इसे विश्व मंच पर एक सम्मानजनक स्थान दिलाना भी है। डॉ. मिश्रा ने हिंदी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था। इसके बाद 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इस दिन का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व को समझना और उसे तकनीकी, साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में और मजबूत करना है। डॉ. मिश्रा ने आधुनिक युग में हिंदी के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि डिजिटल क्रांति ने हिंदी के प्रचार-प्रसार को एक नया



आयाम दिया है। सोशल मीडिया, ब्लॉग, वेबसाइट और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी तेजी से उभर रही है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य तकनीकी कंपनियों द्वारा हिंदी को प्राथमिकता देना इसका स्पष्ट प्रमाण है।उन्होंने कहा कि ३डिजिटल युग में हिंदी भाषा न केवल संवाद का साधन बनी है, बल्कि यह हमारी संस्कृति को विश्व भर में फैलाने का माध्यम भी बन रही है। हमें इसे और अधिक समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए तकनीकी शब्दावली का विकास करना चाहिए और इसे शिक्षा तथा शोध के माध्यम से प्रोत्साहित करना चाहिए।३ हिंदी साहित्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी ने विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। संत कबीर, तुलसीदास, प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, और हरिवंश राय बच्चन जैसे साहित्यकारों ने हिंदी को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। साहित्य के माध्यम से हिंदी न केवल हमारे समाज को जोड़ती है, बल्कि हमें हमारी जड़ों से भी जोड़ती है। हिंदी के विकास में आने वाली चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के कारण हिंदी के प्रति कुछ उदासीनता देखने को मिलती है। इसके अलावा तकनीकी विकास में हिंदी की उपयोगिता को बढ़ाने की आवश्यकता है। शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी को बढ़ावा दिया जाए। साहित्य, सिनेमा और मीडिया के माध्यम से हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। डॉ. मिश्रा ने जोर देकर कहा कि हिंदी को अपनाना और उसे संरक्षित करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा ३हिंदी केवल हमारी भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इसे अपनाकर हम न केवल अपनी विरासत को संजो सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर सकते हैं।३ अपने संदेश के अंत में डॉ. मिश्रा ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे हिंदी भाषा को अपनी दैनिक दिनचर्या में अपनाएं और इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हिंदी को विश्व मंच पर सशक्त बनाएंगे और इसे अपनी संस्कृति का एक अमूल्य हिस्सा बनाए रखेंगे।३ यह संदेश हिंदी प्रेमियों और वैश्विक समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। हिंदी को एक सशक्त और समृद्ध भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए यह दिवस हमारे लिए एक नई ऊर्जा और संकल्प का प्रतीक है।

# महाराष्ट्र के पांच स्टार्टअप ने टेकएक्स पेडाइट के फाइनल में जगह बनाई

**मुंबई।** गेम्स24७7 ने आज अपने एक्सलरेटर प्रोग्राम टेकएक्सपेडाइट के लिए देशभर के 17 उभरते स्टार्टअप्स की फाइनल लिस्ट जारी की। इसमें महाराष्ट्र के पांच स्टार्टअप्स ने जगह बनाई है। यह घोषणा मुंबई में टेकएक्सपेडाइट वीसी राउंडटेबल के दौरान की गई। इस दौरान महाराष्ट्र सरकार के उद्योग विभाग ने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम में उद्यमिता एवं टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए गेम्स24७7 के साथ सहयोग का एलान भी किया। महाराष्ट्र के पांच स्टार्टअप्स का इस सूची में नाम आना राज्य की जीवंत एवं उभरती उद्यमिता की भावना का प्रमाण है। ये पांच स्टार्टअप्स कोइरा, मैपल डॉट एआई, क्यूलान, स्किटी और ग्लोवाट्रिक्स हैं। इस सूची में जगह बनाने वाले अन्य स्टार्टअप में लियाप्लस एआई, गैबिफाई, आर्फिकस, काइरोविजन, चिट्ठू डॉट कॉम, नोहा डॉट एआई, स्पोडा, ज्यूरोन डॉट एआई, बीएबल हेल्थ, होमग्राउंड, टूटीफ्रूटी इंटरैक्टिव और वॉकबोट डॉट एआई के नाम शामिल हैं।अक्टूबर, 2024 में लॉन्च किए गए टेकएक्सपेडाइट को शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसके लिए तीन श्रेणियों - गेमिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और इंपैक्ट आधारित समावेशी टेक्नोलॉजी में काम कर रहे 330 से ज्यादा स्टार्टअप्स ने आवेदन किया था। इनमें से 17 उभरते स्टार्टअप्स को मजबूत एक्सलरेटर प्रोग्राम के लिए चुना गया है। इसका उद्देश्य उनके विकास एवं बाजार पर उनके प्रभाव को गति देना है।इस मौके पर महाराष्ट्र सरकार के विकास आयुक्त (उद्योग) आईएएस श्री दीपेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा, ह्यमहाराष्ट्र इनोवेशन एवं उद्यमिता का हब रहा है और यहां के तेजी से विकास करते स्टार्टअप इकोसिस्टम ने भारत की टेक्नोलॉजिकल प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। गेम्स247 का टेकएक्सपेडाइट एक्सलरेटर प्रोग्राम एक सराहनीय पहल है, जो भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। टेकएक्सपेडाइट जैसे साझेदारों के माध्यम से हम स्टार्टअप्स के लिए ऐसा मजबूत प्लेटफॉर्म निर्मित कर रहे हैं, जहां उन्हें विस्तार करने और सफल होने का मौका मिले, जिससे आर्थिक विकास और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उन्नति सुनिश्चित हो।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामी: शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालय: मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

